दिन– रविवार दिनांक– 10 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा की चार सीटों के लिए उप चुनाव का प्रचार चरम पर। कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।

02. आज एनडीए और महागठबंधन के नेताओं की कई सभाएं होंगी।

03. पैक्स चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया कल से शुरू होगी।

04. और, महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का राजगीर में आगाज, कल से।

————————————————————————

दरभंगा में एम्स के शिलान्यास के लिये तेरह नवम्बर को प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कल शिलान्यास स्थल का दौरा किया। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

एम्स निर्माण स्थल शोभन बाइपास में 13 नवंबर ही शिलान्यास समारोह आयोजित होगा। हमारे संवाददाता ने एनडीए के नेताओं तथा वरीय पदाधिकारियों का यहाँ आना शुरू हो गया है। दस वर्षों से देखे जा रहे स्वप्न को साकार होते देख आमजन काफी उत्साहित दिख रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मैं मणिकांत झा।

————————————————————————

इसके साथ मिथिलांचल के लोगों को एक और सौगात मिलने वाली है। तेरह नवंबर को दरभंगा से ही प्रधानमंत्री झंझारपुर–लोकहा रेलखंड का उद्‌घाटन करेंगे। इसके साथ ही झंझारपुर–लोकहा रेलखंड पर तेरह नवंबर से रेल सेवा शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम सै पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

————————————————————————

चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार चरम पर है। कल शाम चारों निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार समाप्त हो जायेगा। मतदान तेरह नवंबर को होगा। जदयू के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल तरारी और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री कुमार आज बेलागंज और इमामगंज में चुनाव प्रचार करेंगे। इधर, भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा समेत एनडीए के सभी घटक दल अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसभाओं का आयोजन कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बेलागंज में एनडीए प्रत्याशी जदयू की मनोरमा देवी

के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने तरारी में जनसंपर्क चलाया। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेता चुनाव प्रचार अभियान में जुटे हुये हैं। विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी समेत इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने सभी सीटों पर जीत का दावा किया है। वहीं, जन सुराज पार्टी के सूत्र धार प्रशांत किशोर ने बिहार के पिछड़े पन के लिए एनडीए और महागठबंधन को जिम्मेदार ठहराया।

———————————————————————————

पाँच चरणों में छब्बीस नवंबर से होने वाले पैक्स चुनाव के लिए कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। चुनाव में पैक्स अध्यक्ष सहित बारह विभिन्न पदों के लिए वोट डाले जाएंगे। इस बार पैक्स के चुनाव में एक करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

———————————————————————————

न्यायमूर्ति बी आर गवई को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नालसा का नया अध्यक्ष नियुक्त गया है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए कई क़दम उठाए जाते हैं। इसके तहत वर्ष भर में कई राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन कराया जाता है और लोगों को विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

———————————————————————————

देश में बड़े पैमाने पर खरीफ फसलों की खरीद सुचारू रूप से जारी है। सरकार ने वर्तमान विपणन सत्र में शुक्रवार तक एक सौ बीस लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि ग्रेड ए धान को तय एम.एस.पी. दो हजार तीन सौ बीस रुपये प्रति क्विंटल पर ही खरीदा जा रहा है। केंद्र सरकार ने चालू खरीफ सीजन के लिए धान खरीद का अनुमानित लक्ष्य एक सौ पचासी लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है।

———————————————————————————

उत्तर बिहार में धान की सरकारी ख़रीद की प्रक्रिया काफ़ी धीमी चल रही है। राज्य के उन्नीस ज़िलों में एक नवम्बर से धान की ख़रीद की शुरुआत हुई थी। इधर, दक्षिण बिहार के ज़िलों में पन्द्रह नवंबर से धान की ख़रीद शुरू होगी इसके तहत चार प्रमंडलों में धान की अधिप्राप्ति होगी सरकार ने पैक्स और व्यापार मंडलों के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान ख़रीदने का निर्णय किया है। इसके तहत किसानों को

सामान्य कोटि के धान के लिए दो हजार तीन सौ रूपये प्रति क्विंटल की कीमत दी जा रही है।

———————————————————————————

छठ पूजा की समाप्ति के बाद यात्रियों का लौटना शुरू हो गया है। समस्तीपुर मंडल रेल प्रशासन द्वारा छठ पर्व पर वापसी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए समस्तीपुर सहित मंडल के छह प्रमुख बड़े स्टेशनों पर व्यापक तैयारी की गई है। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने आकाशवाणी से खास बातचीत करते हुए बताया कि क्राउड मैनेजमेंट को लेकर मंडल के समस्तीपुर, सहरसा एवं दरभंगा सहित विभिन्न स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की एक हजार से अधिक विशेष टीमों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

राज्य सरकार ने भोजपुर, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, अरवल, मुंगेर और शेखपुरा समेत प्रदेश के उन्नीस जिलों में एक सौ तिरासी सिंचाई योजनाओं को मंजूरी दी है। ये योजनाएं जल जीवन हरियाली योजना के तहत अगले वर्ष मार्च तक कार्यान्वित की जायेंगी। लघु जल संसाधन विभाग ने योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए संबंधित जिलों के कार्यपालक अभियंताओं को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि इन योजनाओं के तहत निर्माण कार्य के लिए स्थल जांच की जाए और शीघ्र इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाए। इन योजनाओं के पूरे साल भर अल्प वर्षा वाले क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही इन क्षेत्रों में भू–जल का स्तर ऊपर आयेगा और पेयजल संकट से निपटने में भी मदद मिलेगी।

———————————————————————————

भारत के सात शैक्षणिक संस्थानों ने क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग–एशिया दो हजार पच्चीस के शीर्ष सौ संस्थानों में जगह बनाई है, जिसमें दो संस्थान शीर्ष पचास में हैं। इस सूची में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आई आई टी दिल्ली को चौवालीसवां और बॉम्बे को अड़तालीसवां स्थान मिला है। शिक्षा मंत्रालय ने बताया है कि यह उपलब्धि महाद्वीप में भारत की उच्च शिक्षा में प्रगति को दर्शाती है। सूची में आई आई टी मद्रास, खड़गपुर और कानपुर, भारतीय विज्ञान संस्थान तथा दिल्ली विश्वविद्यालय भी शामिल है। यह रैंकिंग पूर्वी, दक्षिणी, दक्षिण–पूर्वी और मध्य एशिया के पच्चीस देशों के नौ सौ चौरासी संस्थानों के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की गई है।

———————————————————————————

महिला एशियाई हॉकी चौंपियंस ट्रॉफी–दो हजार चौबीस कल से राजगीर में शुरू होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल शाम इस अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन का उद्‌घाटन करेंगे, जिसमें भारत समेत छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह आयोजन बीस नवंबर को समाप्त होगा। सभी मैच राजगीर स्थित खेल परिसर में नवनिर्मित हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस आयोजन में भाग लेने के लिए भारत, चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और कोरिया की सभी टीम बोधगया पहुंच चुकी हैं। उद्‌घाटन मैच कल दोपहर सवा बारह बजे जापान और कोरिया के बीच खेला जाएगा। इधर, दूधिया रोशनी में कीटों का प्रकोप होने के चलते आयोजकों ने मैचों के समय में बदलाव किया है। अब मैच शाम से पहले ही पूरा कर लिये जायेंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में इकतालीस नए मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक सत्ताईस मामले मिले हैं। वहीं, पटना में चिकनगुनिया के तीन नये मामले की भी पुष्टि हुई है।

————————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में सुबह और शाम हल्की ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पछुआ हवा के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में थोड़ी कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि चौदह नवम्बर के बाद प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव हो सकता है। इस दौरान मजबूत पश्चिमी विक्षोभ की स्थिति बनने की सम्भावना है, जिससे राज्य के अधिकतर भागों में ठंड का प्रभाव बढ़ेगा।

————————————————————————————

अक्षय नवमी आज पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। इस अवसर पर लोग आंवला के पेड़ की पूजा करते हैं और परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न क्षेत्रों में अक्षय नवमी को लेकर विशेष उत्साह है।

————————————————————————————

पटना पुस्तक मेला छह दिसंबर से पटना के गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह सत्रह दिसंबर तक चलेगा। इस बार पुस्तक मेला श्रद्धांजलि स्वरूप बिहार कोकिला शारदा सिन्हा और प्रख्यात लेखिका उषा किरण खां को समर्पित होगा।

————————————————————————————

बिहार इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन की ओर से स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए कल पटना में स्टार्टअप संवाद का आयोजन किया गया। इसमें नव उद्यमियों को कई प्रकार की जानकारी दी गयी।

---

भारत–नेपाल सीमा से एसएसबी ने एक अमरीकी दंपत्ति को हिरासत में लिया है। दोनों पर बेतोन्हा सीमा के पास अवैध रुप से भारतीय सीमा में प्रवेश करने का आरोप है। इधर, जयनगर के एसडीपीओ विप्लव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में पूछताछ जारी है।

---

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र अन्तर्गत कॉलोनी मोड़ के पास अपराधियों ने एक आभूषण दुकान से चार लाख रूपये के आभूषण और पचास हजार रूपये नकद लूट लिये।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– केन्द्र से भरपूर मदद मिल रही, तेजी से विकास होगा सीएम।

प्रभात खबर लिखता है– देर से आने पर नहीं कटेगा शिक्षकों का वेतन, छुट्टी कटेगी।

दैनिक भास्कर ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के झारखंड चुनाव में दिये गये बयान को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– आदिवासियों का आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहती है, कांग्रेस।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– सरकारी स्कूलों की कक्षाओं में लगेंगे कैमरे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. विधानसभा की चार सीटों के लिए उप चुनाव का प्रचार चरम पर। कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।
02. आज एनडीए और महागठबंधन के नेताओं की कई सभाएं होंगी।
03. पैक्स चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया कल से शुरू होगी।
04. और, महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का राजगीर में आगाज, कल से।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।